PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Thu, 15 Jun 2017, Page 2
Width: 16.76 cms, Height: 18.54 cms, a4, Ref: 34.2017-06-15.22

सीबीएसई 21 जून को योग दिवस मनाएगी

नई दिल्ली | **कार्यालय संवाददाता**

सीबीएसई 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएगी। सीबीएसई द्वारा जारी सर्कुलर के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत सुबह 7 से 8 बजे तक स्वैच्छिक रूप से उचित गतिविधियों का व्यापक एवं सामूहिक रूप से आयोजन कर सकते हैं। विद्यार्थी सामूहिक योग अभ्यास कर सकते हैं।

सीबीएसई ने सुझाव दिया है कि योग दिवस पर कार्यशालाएं, संगोष्ठी, वार्ता आदि का आयोजन किया जा सकता है। आयुष मंत्रालय द्वारा वृहद स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक योग अभ्यास रमाबाई अंबेडकर मैदान, लखनऊ में आयोजित हो रहा है।

सीबीएसई ने सर्कुलर में बताया कि 15 मई से 21 जून तक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हो चुकी है। इसे **www.mygov.in** पर जांचा जा सकता है। इस प्रश्नोत्तरी में कोई भी छात्र भाग ले सकता है। आयुष मंत्रालय ने भारत सरकार ने सामूहिक योग नवाचार विकसित किया है जिसे **www.indianmedicine.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की योग गतिविधियां **www.yoga.ayush.gov.in** पर अपलोड किया जा सकता है इससे बच्चों में जागरूकता बढ़ेगी।

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Haribhumi, Delhi
Thu, 15 Jun 2017, Page 4
Width: 23.40 cms, Height: 18.41 cms, a3r, Ref: 32.2017-06-15.43

योग शिविर...

गाजियाबाद : अखिल भारतीय योग संस्थान गाजियाबाद के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने योग के साथ-साथ संस्कार भी सीखे। **फोटो : हरिभूमि**